## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय मातृ दिवस के अंतर्गत निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**छिंदवाड़ा।** नेमा क्षारसूत्र संस्थान द्वारा त्रिशक्ति राष्ट्रीय मंच एवं विप्र नारी शक्ति सेवा संस्था के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय मातृ दिवस के उपलक्ष्य में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, दवा वितरण एवं पंचकर्म सेवा शिविर का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. पवन नेमा ने जानकारी दी कि इस अवसर पर न केवल महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, बल्कि सामाजिक कार्यों में सक्रिय महिलाओं और संस्थाओं को सम्मानित भी किया गया। शिविर में 53 महिला मरीजों की जांच उपराष्ट्रपति द्वारा सम्मानित आयुर्वेद अधिकारी डॉ. रश्मि नेमा द्वारा की गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रहीं श्रीमती शरद मिश्रा, जो त्रिशक्ति राष्ट्रीय मंच की संस्थापिका एवं विप्र नारी शक्ति सेवा संस्था की राष्ट्रीय प्रभारी हैं।

### पुलिस ने महज 24 घंटे के अंदर आरोपी को किया गिरफ्तार

# जमीनी विवाद को लेकर भाई ने कर दी भाई की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा



पुलिस ने महज चौबीस घंटे के अंदर तत्परता से कार्रवाई करते हुए अपने ही भाई के हत्या करने वाले हत्यारे को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गत दिवस डायल 100 के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई की ग्राम गुरैयाथर मे दो व्यक्ति आपस मे लडाई झगडा मारपीट किये है, सूचना पर 100 डायल मौके पर पहुची डायल 100 मे तैनात आरक्षक ऋषभ द्वारा बताया गया कि ग्राम गुरैयाथर मे बिसराम बन और उसके छोटे भाई किसनलाल बन के बीच जमीनी विवाद को लेकर झगडा मारपीट हुआ है, जिसमे किसनलाल के द्वारा लकडी से अपने बडे भाई विसराम बन को सिर मे चोट पहुचाई है जिससे उसकी मृत्यु हो गई।

थाना प्रभारी निरीक्षक विजय राव माहोरे, उप निरी अनिल कुमार उइके, उप निरी अंजना मरावी, सउनि नितेश ठाकुर,प्र.आर. मधु प्रसाद मय शासकीय वाहन से तत्काल मौके पर पहुच कर घटना के संबंध मे बारीकी से पूछताछ की गई घटना सही पाये जाने घटना से वरिष्ठ अधिकारियो को अवगत कराया गया। अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अनुभाग परासिया श्री जितेन्द्र जाट द्वारा घटना का पर्यवेक्षण किया गया।

सूचनाकर्ता इतरलाल पिता तुलसी शीलू उम्र-30 वर्ष निवासी बिजोरी रैय्यत की रिपोर्ट पर देहाती मर्ग इन्टीमेशन एवं देहाती नालिसी धारा 103 बीएनएस के तहत पंजीबद्ध किया गया। (मृतक) बिसराम पिता भक्कू बन जाति मवासी उम्र-47 वर्ष निवासी गुरैयाथर के शव का पंचनामा कार्यवाही जिला वैज्ञानिक अधिकारी की उपस्थिति मे किया गया।

घटना स्थल का निरीक्षण एवं अन्य कार्यवाही भी कराई जाकर मामला पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। (आरोपी) किसनलाल पिता भक्कू बन जाति मवासी उम्र करीबन 45 वर्ष निवासी गुरैयाथर घटना उपरांत ही मौके से फरार हो गया है, जिसकी गिरफ्तारी/पतासाजी हेतु टीम लगाई गई। एसपी अजय पाण्डेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक छिन्दवाडा आयुष गुप्ता के निर्देशन तथा अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) परासिया जितेन्द्र जाट के नेतृत्व मे थाना प्रभारी उमरेठ निरी विजय राव माहोरे द्वारा आरोपी की गिरफ्तारी/पतासाजी हेतु पुलिस टीम गठित की गई, मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि (आरोपी) किसनलाल बन अपने घर से पैसे एवं सामान लेकर कही बाहर जाने की फिराक मे है, जिसे पुलिस टीम द्वारा तत्काल दबिश/घेराबंदी कर उसके घर के पास ग्राम गुरैयाथर मे पकड कर पुलिस अभिरक्षा मे लिया गया, आरोपी से घटना के संबंध मे बारीकी से पूछताछ की गई, आरोपी ने जमीनी वाद विवाद को लेकर घटना कारित करना स्वीकार किया। आरोपी की निशादेही में घटना में प्रयुक्त एक लकडी कपडे जप्त किए गए।

**मृतक का नाम**

बिसराम पिता भक्कू बन जाति मवासी उम्र-47 वर्ष निवासी गुरैयाथर (उमरेठ)

**घटना में प्रयुक्त जप्त सामग्री**

(1) एक लकड़ी (डंडा),(2) आरोपी के पहने हुये कपडे एवं अन्य।

**गिरफ्तार आरोपी**

किसनलाल पिता भक्कू बन जाति मवासी उम्र-45 वर्ष निवासी गुरैयाथर (उमरेठ)

**पुलिस टीम की रही भूमिका**

थाना प्रभारी निरी विजय राव माहोरे ,उप निरी अनिल कुमार उइके,उप निरी अजंना मरावी, सउनि नितेश ठाकुर,प्र.आर. मधु प्रसाद, आरक्षक हितेन्द्र,आरक्षक ऋषभ रावत एवं चालक आरक्षक प्रवीण सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### ड्रोन दीदी बनकर प्राप्त कर रही है अतिरिक्त आय

# प्राकृतिक खेती से लक्ष्मीबाई घाघरे दीदी बनीं लखपति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा



छिन्दवाड़ा जिले के बिछुआ विकासखंड के झांमटा गाँव की निवासी श्रीमती लक्ष्मीबाई पति श्री महेश घाघरे ने यह सिद्ध कर दिया है कि यदि निष्ठा, मेहनत और सही तकनीक के साथ खेती की जाए तो प्राकृतिक संसाधनों के सहारे भी आत्मनिर्भर बना जा सकता है। श्रीमती घाघरे ने 1 हेक्टेयर भूमि में प्राकृतिक खेती की शुरुआत की, जिसमें वर्तमान में अरहर की फसल लहरा रही हैं। प्राकृतिक खेती के अंतर्गत वे जीवामृत, घनजीवामृत, ब्रम्हास्त्र, अग्निआस्त्र, वेस्ट डी-कंपोज़र तथा अजोला जैसे जैविक उत्पादों का उपयोग करती हैं।

प्राकृतिक अरहर उत्पादन में 30,000 रुपये की लागत से 1 लाख रुपये की आय प्राप्त हुई, जिससे 70,000 रुपये का शुद्ध लाभ हुआ। वर्मी कम्पोस्ट निर्माण से 35,000 रुपये की लागत पर 80,000 रुपये की आय हुई, जिससे 45,000 रुपये का लाभ अर्जित किया। केंचुआ विक्रय से मात्र 5,000 रुपये की लागत पर 55,000 रुपये की आय हुई, जिससे 50,000 रुपये का शुद्ध लाभ मिला। इस तरह कुल 70,000 रुपये की लागत पर श्रीमती लक्ष्मीबाई ने 2.35 लाख रुपये की आय प्राप्त की और 1.65 लाख रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया।

**तकनीकी नवाचार और सम्मानजनक भूमिका**

श्रीमती लक्ष्मीबाई को कृषि विभाग द्वारा ₹नमो ड्रोन दीदी₹ योजना से जोड़ा गया है। इस योजना के तहत उन्हें दक्ष इंडिया की सहायता से ड्रोन प्रदान किया गया, जिससे उन्होंने लगभग 15-20 कृषकों के खेतों में प्रति एकड़ 500 रुपये की दर से ड्रोन तकनीक का उपयोग कर अतिरिक्त आय प्राप्त की।

# पुलिस ने 117 वारंटियों को एक ही रात्रि में दबोचा

### अपराधियों को पकड़ने के लिए पुलिस ने चलाया कॉम्बिंग आपरेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



पुलिस द्वारा चलाए जा रहे कॉम्बिंग ऑपरेशन में पुलिस द्वारा कुल 117 वारंटियों को एक ही रात में पकड़ा गया। प्रदेश स्तरीय रात्रि कांम्बिंग गश्त के संबंध में पुलिस मुख्यालय भोपाल (म.प्र.) द्वारा दिये गये निर्देशानुसार जिले में अवैध गतिविधियों में लिप्त व्यक्तियो की निरंतर धरपकड़ की जा रही है।

अवैध कार्यो में संलिप्त व्यक्तियों, अपराधियों तथा अपराधों पर अंकुश लगाने व जिले में कानून व्यवस्था बनाये रखने व आदतन अपराधियों पर शिकंजा कसने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक छिंदवाड़ा अजय पांडे एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आयुष गुप्ता के द्वारा विशेष ऑपरेशन चलाकर निरंतर कार्यवाही करने के निर्देश पर छिंदवाड़ा में शनिवार की रात शहर व देहात के थाना क्षेत्रो पर कॉम्बिंग ऑपरेशन के दौरान कॉम्बिंग गस्त अनुभागवार पुलिस बल को अलग–अलग स्थानो पर एकत्रित किया जाकर राजपत्रित अधिकारियों द्वारा पुलिस बल को ब्रीफ किया गया उसके बाद अलग–अलग क्षेत्रो में कॉम्बिंग गस्त के लिये रवाना किया गया।

पुलिस टीम द्वारा स्थायी/गिरफ्तारी वारंटियो की धरपकड़ हेतु प्रत्येक थाने में अलग-अलग पुलिस टीम तैयार कर वारंटियो की गिरफ्तारी हेतु मुखबिर तंत्र सक्रिय कर तकनीकी शाखा (सायबर सेल) के सहयोग एवं नाकाबंदी / दबिश देकर एक ही रात्रि में औचक नाईट काम्बिंग ऑपरेशन चलाकर 11 स्थाई व 106 गिरफ्तारी, इस प्रकार कुल 117 वारंटियो को दबिश / घेराबंदी / नाकाबंदी कर गिरफ्तार किया गया, सभी गिरफ्तारशुदा वारंटियों को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जाता हैं। जिलें में सर्वाधिक वारंट की तामीली के क्रम में अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) चौरई राजेश बंजारे के नेतृत्व में थाना चांद द्वारा कांबिग गस्त के दौरान लगातार टीम गठितकर सर्वाधिक वारंट तामील किया गया ,जिसमें 1 स्थायी व 12 गिरफ्तारी, कुल 13 वारंटियों को गिरफ्तार किया गया, अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) परासिया जितेन्द्र जाट के नेतृत्व में थाना चांदामेटा द्वारा गठित टीम ने 1 स्थायी व 7 गिरफ्तारी, कुल 8 वारंटियों को गिरफ्तार किया गया। नगर पुलिस अधीक्षक अजय राणा के नेतृत्व में थाना कुण्डीपुरा में 2 स्थायी व 4 गिरफ्तारी, कुल 6 वारंटियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा सर्वाधिक वारंट तामीली एवं स्थायी वारंट तामील करने वाली पुलिस टीम को पुरुष्कृत करने की घोषणा की गई हैं।

### नुन्हारिया मेहरा समाज का सामाजिक भवन का लोकार्पण

**छिंदवाड़ा।** जिले के परासिया विकासखंड अंतर्गत चांदामेटा नगर में नुन्हारिया मेहरा समाज का बहुप्रतीक्षित सामाजिक भवन 'नीची लाइन अम्बेडकर भवन के पास' क्षेत्र में बनकर तैयार हो गया है। रविवार को इस भवन का लोकार्पण समारोह भव्य रूप से आयोजित किया गया। इस शुभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक माननीय सोहन वाल्मीकि उपस्थित रहे, जिन्होंने भवन का विधिवत उद्घाटन कर समाज को यह महत्वपूर्ण सौगात समर्पित की।

कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ की गई। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, जिसके पश्चात सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। भारतरत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके सामाजिक योगदान को नमन किया गया।

इस आयोजन में जिलेभर से बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता, ग्राम कोटवार, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मेधावी छात्र-छात्राएं एवं समाज के वरिष्ठ जन उपस्थित हुए। समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे इन सभी लोगों को आयोजकों द्वारा प्रशस्ति-पत्र एवं स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# तामिया तहसील में ड्रग इंस्पेक्टर ने की मेडिकल स्टोरों की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया



औषधि निरीक्षक गौरव शर्मा ने रविवार को तामिया विकासखंड में कई मेडिकल स्टोर की जांच की। सामान्य निरीक्षण में एक दुकान से आधा दर्जन दवाओं के नमूने लेकर जांच के लिए साथ ले गए। ड्रग इंस्पेक्टर की इस जांच को लेकर तामिया विकासखंड के अन्य दुकानदारों में खलबली मची रही।

ड्रग इंस्पेक्टर गौरव शर्मा ने दवा के दुकानों में रखे गये फ्रीज, क्रय-विक्रय के कागजात की मांग की और बेचे गये दवाओं का पूरा ब्यौरा तलब किया। दुकानदार ने अधिकतर दवाओं के क्रय-विक्रय का कागजात ड्रग इंस्पेक्टर के सामने प्रस्तुत किया। लोटिया ग्राम में जांच के दौरान दुकानों में एक्सपायरी दवाओं के रख-रखाव के संबंध में दुकानदार जानकारी नहीं दे सके। ड्रग इंस्पेक्टर ने बताया कि बिना फार्मासिस्ट के संचालित दवा के दुकानों को सख्त हिदायत दी गई है। बिना लाइसेंस नवीनीकरण के दुकान का संचालन पाया गया तो कार्रवाई की जाएगी।

वहीं जांच की सूचना मिलते ही अधिकतर दुकानों के शटर बंद हो गए बता दे कि बीते कुछ दिनों से अखबारो ओर मीडिया में बिना लाइसेंस मेडिकल दुकान चलाने को लेकर खबर चलाई जा रही हे जिसको लेकर आज ड्रग इंस्पेक्टर द्वारा कार्यवाही की गई। इस कार्रवाई से मेडिकल स्टोर नियम विरुद्ध एवं बिना लाइसेंस के मेडिकल स्टोर चलाये जाने वालो मै ड्रग इंस्पेक्टर की कार्रवाई से दहशत है जो आज खबर लगते ही मेडिकल स्टोरों की शटर बंद देखने मिली।

### शासकीय हाई स्कूल अंजनी (मवई) का रिजल्ट हैट्रिक

**मण्डला।** जिला मंडला के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र विकासखंड मवई के अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल अंजनी में लगातार विगत तीन वर्षों से हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा में 100% रिजल्ट आ रहा है। शासकीय हाई स्कूल अंजनी में विषय विज्ञान का एक नियमित शिक्षक है जो कि प्रभारी प्राचार्य भी हैं तथा शेष विषयों के अतिथि शिक्षक हैं। प्रभारी प्रचार्य सह विज्ञान शिक्षक गिरजा शंकर सिंह बघेल को रसायन शास्त्र में महारथ हासिल है। शिक्षक गिरजा शंकर की कार्यप्रणाली कुछ इस प्रकार से है यथा आदिवासी छात्र छात्राओं के घर घर जाकर संपर्क करना, छात्र के माता-पिता ना मिलने पर ग्राम पंचायत के अंतर्गत रोजगार गारंटी योजना में जाकर संपर्क करना, आदिवासी छात्र-छात्राओं को विषय अनुसार ग्रामीण भाषाओं का उपयोग करके कठिन विषय वस्तु को टीएलएम बनाकर सरल शब्दों में समझाना, कमजोर वर्ग के छात्र छात्राओं को प्रत्येक रविवार को स्कूल लगाकर विषयों का अध्यापन कार्य करना, प्रभारी प्राचार्य गिरजा शंकर सिंह बघेल के द्वारा प्रत्येक वर्ष जो छात्र प्रथम श्रेणी में आते हैं उन्हें डेढ़ किलो का एक कांसे का पात्र दिया जाता है।

# गुरुकुल की ओर से युद्ध स्तर पर विभिन्न स्थानों में शिविरों का भव्य शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



काशी विश्वनाथ वैदिक गुरुकुल, गयाजीपुर मंडला की ओर से आज तीन विभिन्न स्थानों पर सप्त दिवसीय युवक एवं युवती चरित्र निर्माण शिविरों का युद्ध स्तर पर भव्य शुभारंभ किया गया। गुरुकुल परिसर में युवक चरित्र निर्माण शिविर का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक चैनसिंह वरकडे के करकमलों से हुआ। वहीं, रानी अवंतीबाई विद्यालय में अनुविभागीय दंडाधिकारी (एसडीएम) के मुख्य आतिथ्य में शिविर का आरंभ किया गया। पॉलिटेक्निक कॉलेज में युवतियों हेतु विशेष शिविर की शुरुआत भी उत्साह और गरिमा के साथ संपन्न हुई। इन शिविरों में कुल लगभग 400 से 450 युवक-युवतियों ने सहभागिता की है। अगले सात दिनों तक सभी प्रतिभागियों को शस्त्र (स्वरक्षा प्रशिक्षण) एवं शास्त्र (नैतिक, सांस्कृतिक व आध्यात्मिक ज्ञान) का गहन प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। यह शिविर गुरुकुल के उद्देश्य "चरित्र निर्माण के माध्यम से राष्ट्र निर्माण" को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। गुरुकुल परिवार ने इस शिविर के सफल आयोजन के लिए सभी धार्मिक दानी सज्जनों, समाजसेवियों एवं सामाजिक संगठनों से सहयोग की अपील की है। साथ ही, उन्होंने शिविर में संलग्न सभी कार्यकर्ताओं और मुख्य अतिथियों का हार्दिक आभार व्यक्त किया है। आपका सहयोग ही सनातन धर्म, सभ्यता और संस्कृति की रक्षा का आधार है।

# अनहोनी पंचायत में ग्रामीण एवं पशुपालक को वेंडर बनाकर हो रहा निर्माण सामग्री भुगतान

### पारदर्शिता के लिए बने पंचायत दर्पण में भी दी जा रही झूठी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया




तामिया जनपद पंचायत की ग्राम पंचायतों में सरपंच से प्राप्त जानकारी के अनुसार बरसों पूर्व पंचायत ग्रामीण विभाग के प्रमुख सचिव राधेश्याम जुलानिया का एक आदेश ग्राम पंचायत को निर्माण कार्य में मूल्यांकन एवं तकनीकी मार्गदर्शन की आवश्यकता नहीं होने संबंधी प्रदेश भर की पंचायतों को जारी हुआ था।

बस यही एक आदेश चतुर ग्राम पंचायत सरपंच सचिवों के लिए भ्रष्टाचार करने का सुगम रास्ता बन गया और यहीं से मनमाने तरीके से निर्माण कार्यो में फर्जीवाड़े की शुरुआत हुई और इस तरह जमकर पंचायतो ने अपने चहेतों के नाम भुगतान का सिलसिला शुरू कर दिया। उसी का एक जीता जागता उदाहरण तामिया जनपद पंचायत के सेक्टर झिरपा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत में सचिवों ने भोले वाले आदिवासी सरपंचो की मासूमियत का लाभ उठाकर लूटपाट का नया जरिया निकला।

ऐसा ही इसी सेक्टर की ग्राम पंचायत अनहोनी पंचायत में इन देखने मिल रहा है कि यहां पर महिला सरपंच एवं महिला सचिव है, उनके पति अघोषित रूप से ग्राम पंचायत का संचालन करते हैं और वह अपने मोबाइल नंबर तक पोर्टल पर डालने से भी नहीं हिचके और भुगतान की ओटीपी भी अपने मोबाइल में लेकर चहेते सप्लायरों के खाते में राशि डाल रहे हैं।

पंचायत दर्पण के पोर्टल पर नजर डालें तो इस ग्राम पंचायत में पांचवें वित्त आयोग, मूलभूत, ब्याज, की राशि सहित अन्य मदों से मनमाने निर्माण कार्य स्वीकृत करवा कर जमकर फर्जीवाड़ा किया। इस ग्राम पंचायत के प्रमुख उदाहरण हैं। कि उन्होंने इनका चहेते कृष्णा ट्रेडर्स जो फर्जी बिल भुगतान करवाने में माहिर है क्योंकि वह उप यंत्री सहायक यंत्री मुख्य का य पा ल न अधिकारी एवं तकनीकी शाखा का खास है जो निर्माण कार्य में उनके द्वारा दिए गए बिलों का लेखा-जोखा इस पंचायत में देखा जा सकता है।

वहीं पंचायत सचिव ने फर्जीवाड़े की हद पार करते हुए ग्राम पंचायत से लगभग 60 किलोमीटर दूर खापा खुर्द ग्राम पंचायत के ग्राम छोटे से ग्राम चटनी एक पशुपालक के नाम पर ओम कंस्ट्रक्शन कंपनी को सप्लायर बनाकर भुगतान कर भ्रष्टाचार के नए तरीके इजाद किए हैं।

इस तरह अनहोनी ग्राम पंचायत के पंचायत दर्पण पर जनवरी से अप्रैल तक नजर डालें तो इन्होंने लगभग 15 लाख रुपए की निर्माण सामग्री का भुगतान हुआ है और उनके द्वारा क्रय नियमों का पालन भी नहीं किया गया और निर्माण सामग्री सप्लाई एवं निर्माण कार्य का भौतिक सत्यापन किया जाएगा तो इस ग्राम पंचायत में मूलभूत पांचवें वित्त ब्याज की राशि राज्य वित्त की राशि सहित अन्य मदों से से कराए गए निर्माण कार्य में फर्जीवाड़े के साथ-साथ फर्जी बिल लगाने का बड़ा मामला उजागर होगा। लेकिन फर्जीवाड़े को उजागर करने के लिए कोई राजी नहीं होगा क्योंकि सभी इस फर्जीवाड़े में तकनीकी अमला अधिकारी सचिव सरपंच बराबर के हिस्सेदार हैं तो आखिर जांच कौन करेगा यदि अधिकारियों को जांच करनी होती तो एकाध बार इस ग्राम पंचायत का निरीक्षण एवं लेखा-जोखा की जांच करते, लेकिन वह इनसे मिलने वाले कमीशन की राशि के बोझ तले दबे हुए हैं।

यदि इस ग्राम पंचायत में पंचायत दर्पण पर नजर डालकर भुगतान की जांच करेंगे तो बड़ा फर्जीवाड़ा सरपंच सचिव सप्लायर ने मिलकर किया है, वह सामने आएगा। वहीं पंचायत दर्पण पर किये भुगतान के बिलों की छायाप्रति पर केवल धुंधली तस्वीर देखने मिलेगी जबकि उद्देश्य है कि पारदर्शिता बनी रहे और आमजन किए गए भुगतान की जानकारी पंचायत दर्पण के माध्यम से ले सके।

**समीक्षा** | **वनग्रामों तक सड़कों और पुल-पुलियों का गुणवत्तापूर्ण हो निर्माण।**

# वनग्रामों के विकास के संबंध में समीक्षा बैठक

*** वनग्रामों को शासन की मूलभूत सुविधाओं से जोड़ा जाए।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



प्रदेश शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि मंडला जिले के वनग्रामों में विकास कार्यों को गति दी जायेगी। इससे वनग्रामों में संपर्क मार्ग, प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना के कार्य, पेयजल सुविधा सहित सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होगी। मंत्री श्रीमती संपतिया उइके शनिवार को सर्किटहाउस मंडला में वनग्रामों में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा कर रही थी। इस अवसर पर सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते, कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ श्री श्रेयांश कूमट, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा, सांसद प्रतिनिधि जयदत्त झा सहित वन विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने कहा कि मंडला जिले के वनग्रामों को संपर्क मार्ग से जोड़ा जाए। जिससे वन ग्रामों तक आवागमन सुगम हो सके। उन्होंने वनग्रामों में समस्त प्रकार की मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। सांसद श्री कुलस्ते ने कहा कि वनग्रामों में प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना के निर्माण कार्यों को पूर्ण किया जाए। वनग्राम क्षेत्रों में मनरेगा के कार्यों को प्राथमिकता दी जाए, जिससे वनग्रामों में रहने वाले नागरिकों को रोजगार मिलता रहे। सांसद श्री कुलस्ते ने कहा कि वनग्रामों को जोड़ने वाली सड़कों और पुल-पुलियों का निर्माण कार्य समय-सीमा में गुणवत्तापूर्वक करें। बैगा बसाहट वाले गावों में प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना के निर्माण कार्यों को भी प्राथमिकता दें। उन्होंने बैठक में कान्हा नेशनल पार्क के बफर जोन में स्थित ग्रामों की मूलभूत सुविधाओं के लिए बैठक आयोजित कर उनका निराकरण करने की बात कही। सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा को निर्देश दिए कि बहुउद्देशीय चुटका परियोजना के संबंध में चर्चा कर समस्याओं का निराकरण करें। उन्होंने 6 जून 2025 को प्रस्तावित राज्य स्तरीय कार्यक्रम के लिए व्यापक तैयारियां करने के निर्देश दिए। बैठक में केन्द्रीय विद्यालय समनापुर के निर्माण कार्य, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नैनपुर और आवागमन हेतु बायपास सड़क निर्माण कार्य के संबंध में समीक्षा की गई।

### आईबीबीएफ द्वारा प्रायोजित अंतरराष्ट्रीय बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप थाईलैंड में जीता गोल्ड

# विदेशी धरती पर योगेश ने लहराया भारत का परचम

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव**

कहते हैं यदि आसमां छूने की चाहत मन में हो तो फिर आसमान दूर नहीं होता और अपने मां के हौसलों से ही हौसला छू लिया जाता है। एक छोटे से आदिवासी अंचल जुन्नारदेव के रहवासी योगेश राठौर ने अपने हौसले और काबिलियत के दम पर अंतर्राष्ट्रीय बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप में भारत की ओर से गोल्ड मेडल जीत कर समूचे भारत के देश को गौरवान्वित किया है।इसके पूर्व भी योगेश राठौर ने राष्ट्रीय स्तर पर लगातार कई प्रतियोगिताओं में गोल्ड मेडल जीतकर नगर जिला और प्रदेश का नाम गौरवान्वित किया था। बीते दिनों दिल्ली में आयोजित बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतकर योगेश राठौर ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपना चयन सुनिश्चित किया था। उनकी इस सफलता के लिए उन्होंने फेडरेशन के प्रेसिडेंट वीर बोहित, अपने कोच व मार्गदर्शन विजय वाड़वुदे का विशेष धन्यवाद दिया. इंटरनेशनल बॉडीबिल्डिंग फेडरेशन आईबीबीएफ के तत्वाधान में थाईलैंड में 10 से 13 मई 2025 तक आयोजित अंतराष्ट्रीय मिस्टर गैलेक्सी वर्ल्ड बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप में जुन्नारदेव के बॉडीबिल्डर योगेश राठौर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर अंतराष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड मेडल प्राप्त कर समूचे देश को गौरवान्वित किया है।उनकी इस सफलता पर जुन्नारदेव के व्यापारी नितिन राजोरिया, भाजपा मंडल अध्यक्ष विवेक चंद्रवंशी, विधायक सुनील उइके, भोला प्रशांत पागे, , नाप अध्यक्ष रमेश सलोढे, अपील समिति सदस्य पार्षद संजय जैन, अखिलेश शुक्ला, शरद दादा विनय गुप्ता, बंटी मनीष साहू, सुरेश सोनी प्रमोद बन्देवार,अरुणेश जायसवाल,योगेश रुखमांगद, सतीश रघुवंशी, संतोष बडोनीया, अनुरोध शर्मा, विनोद वंसे, यसदीप साहू, अमित दुर्गे, रुपेश विश्कर्मा, बबलू सीकरवार, धीरज कुशवाहा, ऋतिक चौहान,मितेश जायसवाल, दीपक गड़रिया, सचिन मालवीय, डॉक्टर अमित जैन, ताहिर खान, विजय मालवी,सन्नी गोदवानी, सचिन राय सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिकों ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की है।




## बुद्ध, आम्बडेकर के विचारों को घर-घर तक पहुंचाने का संकल्प

**सौंसर।** रविवार ग्राम रिधोरा में बुद्धिस्ट सेमिनरी में तथागत बुद्ध संविधान निर्माता डॉ बाबासाहेब अंबेडकर महात्मा ज्योतिबा फुले आई रमाई सावित्रीबाई फुले के विचारधारा को घर-घर तक पहुंचाने का संकल्प के साथ प्रशिक्षण शिविर का समापन किया गया,ज्ञात हो कि 4 में से यहां पर बुद्ध धम्म प्रचार समिति की ओर से प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा था, बुद्ध धम्म प्रचार समिति प्रमुख के सोमकुँवर,अध्यक्ष डॉ वाय एल ठवरे,लता नागदवने,मोरेश्वर रंगारे के द्वारा सौसर मोहगांव,पिपला ना वार,बोरगाव, जाखिवाड़ा नागपुर, सावनेर आदि शहरों से आए हुएआए हुए लोगो का आभार प्रदर्शन करते हुएशिविर में जो विगत 7 दिनों से वक्ताओं के द्वारा जो मार्गदर्शन दिया है उसे पर अमल करने के साथ ही बुद्ध बाबा साहब, सम्राट अशोक की विचारधारा कार्य को घर-घर तक पहुंचाने की अपील की है,आयोजन में प्रमुखता सेरमेश शम्भरकर,रविकांत गौतमी, मानिक वानखेड़े मुरलीधर कामले,देवेंद्र बागड़े राहुल वाहने अरुण बागडे, अशोक कड़वे रामराव बागडे विट्ठल बागड़े, योगिता बागडे,माया ढुफारे, कैलाश गजभिए प्रतिभा गजभिये आदि उपस्थित थे। समापन अवसर पर आयोजन के संबंध में जानकारी देते हुए समिति प्रमुख के सोमकुँवर ने बताया तथागत भगवान गौतम बुद्ध संविधान निर्माता डॉ बाबासाहेब अंबेडकर विचारों की समाज देश और युवाओं को अत्यंत आवश्यकता है।



# 3200 सौ से अधिक विद्यार्थी शिविर का उठा रहे लाभ



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा**

आशारामजी बापू की पावन प्रेरणा से ग्रीष्म ऋतु के दौरान देश भर में विद्यार्थी उज्जवल भविष्य निर्माण शिविर का आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है । इसी कड़ी में श्री योग वेदांत सेवा समिति लिंगा आश्रम द्वारा 1 दिवसीय विद्यार्थी शिविर का आयोजन सम्पन्न हुआ । जिसमें विद्यार्थी को स्वस्थ रहने के लिए योगासन , उचित आहार विहार ,परीक्षा में अत्यधिक अंक कैसे अर्जित करने के साथ साथ देश भक्ति और मातृ भूमि के प्रति अपने कर्त्तव्य के दैवीय गुणों से अवगत कराया । सभी विद्यार्थियों को माता - पिता एवं गुरु जनों के आदर करने की सीख दी गई । वैदिक गुरुकुल शिक्षा प्रणाली के महत्व से भी अवगत कराया । आश्रम के आसपास के सैकड़ों ग्रामों के विद्यार्थियों ने उपस्थित दर्ज की । खेल कूद और अन्य ज्ञानवर्धक प्रतियोगिताओं का आयोजन भी सम्पन्न हुआ । साध्वी प्रतिमा बहन और साध्वी रेखा बहन के सानिध्य में इस प्रकार के अयोजन आसपास के ग्रामों के स्कूलों में भी समय - समय पर आयोजित होते हैं । सभी विद्यार्थियों के लिए नाश्ता , शरबत और भोजन प्रसाद की व्यवस्था की गई थी। शिविर में लगभग 3200 विद्यार्थियों ने उपस्थित दर्ज की । इस प्रकार के कार्यक्रम देश भर के 550 आश्रमो में निरंतर सम्पन्न हो रहें हैं जिसमें अभी तक करोड़ों करोड़ों विद्यार्थी लाभांवित हो चुकें हैं । इस दैवीय कार्य में खजरी आश्रम के संचालक जयराम भाई , समिति के अध्यक्ष मदनमोहन परसाई , गुरुकुल की संचालिका दर्शना खट्टर , सुभाष इंगले , अशोक कराडे , नारायण ताम्रकार , रामराव लोखंडे ,कैलाश राउत , ललिता घोंगे , रुपाली इंगले , प्रीति सोनारे , हर्षलता खिलवाडी ,विमल शेरके आदि ने अपनी अपनी सेवाएं दी ।

# रोज 176 रूपए में काम कर रहे सफाई कर्मचारी



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया**

नगर पालिका परासिया में कार्यरत सफाई कर्मचारी बीते 10 दिनों से अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर बैठे हैं । सफाई कर्मचारी को समर्थन देने के लिए नेताप्रतिपक्ष वीर बहादुर सिंह हड़ताली कर्मचारियों के पंडाल में पहुंचे उन्होंने कर्मचारियों से चर्चा की । कर्मचारियों ने बताया , कि वह लगभग 10 वर्षो से नगरपालिका में सफाई विभाग में काम कर रहे हैं । उन्हें वेतनमान 6000 रुपए जिस पर ई पी एफ 720 रुपए काटकर कुल 5280 रुपए मिलते हैं । जो प्रतिदिन के हिसाब से 176 होती है और हमें 24 घंटे 7 दिनों काम लिया जाता है । उन्होंने बताया , कि कई बार आवेदन निवेदन ज्ञापन के बाद भी हमारी कोई सुध नहीं ले रहा है । वर्तमान में जो वेतन मिल रहा है उससे परिवार का भरण पोषण नहीं हो पाता है । सफाई कमचारी होने के कारण अन्य कहीं कम भी नहीं मिल पाता । इस मामले में नेताप्रतिपक्ष वीर बहादुर सिंह ने तत्काल मुख्य नगरपालिका अधिकारी और एसडीएम से दूरभाष पर चर्चा कर जल्द उनकी मांग पूरी करने को कहा । उन्होंने कहा , कि उन्हें कम से कम कलेक्टर अकुशल रेट पर जो कि 454 रुपए है , की दर पर भुगतान किया जावे । वहीं उनकी अन्य मांगों को पूरा किया जावे ।

# कतिया समाज की सक्रिय बैठक कटकुही में आयोजित



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव**

संत श्री भूराभगत जयंती के पावन अवसर पर कतिया समाज ने कटकुही के शिव मंदिर धाम में बैठक का आयोजन किया। इस बैठक में समाज के उत्थान और विकास के लिए विभिन्न विषयों पर गहन विचार-विमर्श हुआ। समाज के बंधुओं ने सामाजिक एकता, शिक्षा, और समृद्धि जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर अपने विचार साझा किए। बैठक में अनुसूचित आयोग के राज्य मंत्री गुरुचरण खरे उपस्थित रहे।

उन्होंने समाज को संबोधित करते हुए सामाजिक उत्थान के लिए एकजुटता और शिक्षा के महत्व पर जोर दिया। उनके प्रेरक शब्दों ने उपस्थित लोगों में नई ऊर्जा का संचार किया। इस अवसर पर संत श्री भूराभगत के जीवन और उनके उपदेशों को याद करते हुए पूजन-पाठ किया। भूराभगत पूजन पाठ ने समाज में आध्यात्मिकता और नैतिकता के प्रति जागरूकता को और मजबूत किया। समाज के लोगों ने संत के दिखाए मार्ग पर चलने और उनके मूल्यों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। यह आयोजन न केवल सामाजिक एकता को बढ़ावा देने में सफल रहा, बल्कि कतिया समाज के लिए एक प्रेरणादायक मंच भी साबित हुआ।

# बुद्ध जयंती महोत्सव का गोंडीवाढोना में हो रहा आयोजन

**पारडसिंगा।** ग्राम गोडी वाढोना में तथागत सिध्दार्थ गौतम बुध्द जयंती महोत्सव का आयोजन 5 मई से किया जा रहा है,मिली जानकारी के अनुसार ग्राम में प्रतिवर्ष बुद्ध जयंती के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों के साथ में बुध्द ओर उसका धम्म का वाचन के साथ ही महापरित्रान पाठ का आयोजन किया जाता है, . बाबासाहेब आम्बेडकर समिति पदाधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम गोंडीवाढोना में विगत 9 वर्षों से डॉ. बाबासाहेब आम्बेडकर समिति द्वारा तथागत गौतम बुध्द की जयंती बडे हर्षोल्लास के साथ सभी ग्रामवासियों के सहयोग से मनायी जा रही हैं। बुध्द पोर्णिमा के पावन अवसर पर बुध्द पोर्णिमा के पहले सात दिन भगवान बुध्द एवं उसका धम्म ग्रंथ का वाचन एवं बुध्द पौर्णिमा के दिन महापरित्राण पाठ का आयोजन किया जा रहा है,ग्रंथ वाचन बुध्द वंदना, महापरित्राण पाठ, कार्यक्रम पूज्य भदत आनंद बोधीथेरो के उपस्थिति में किया जा रहा, आयोजन का समापन 15 में को बुद्ध पूर्णिमा महोत्सव और भोजन वितरण कार्यक्रम के साथ में किया जाएगा, प पु भदत आनंद बोधीथेरो के द्वारातथागत भगवान गौतम बुद्ध के द्वारा दिए गए आर्य अष्टांगिक मार्ग एवं पंचशील के मार्ग पर चलने से किस प्रकार मानव जीवन का कल्याण हो सकता है इस पर प्रवचन देते हुए तथागत बुद्ध डॉ बाबासाहेब अंबेडकर के विचारों को सभी समाज बंधुओ के द्वारा अंगीकार करने का संकल्प दिलाया जा रहा है।

### ट्रैक्टर मालिकों की मीटिंग में मारपीट करने पहुंचे थे युवक

# पुरानी रंजिश में युवक से मारपीट, दो पर अपराध पंजीबद्ध



**हरिभूमि न्यूज लांजी।**

लांजी थाना क्षेत्र के मंडई टेकरी में दो पक्षों के पुरानी रंजिश के चलते बीच मारपीट का मामला सामने आया है। मामले की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। मामले की पुलिस जानकारी अनुसार बाबूदास जामरे पिता दशरथ जामरे कड़ता निवासी ने लांजी थाने में दर्ज शिकायत में बताया कि 10 मई को काली मंदिर प्रांगण में ट्रेक्टर वालों की मीटिंग रखी गई थी सूचना पर मैं भी मीटिंग में शामिल होने आया था। मीटिंग चल रही थी कि दोपहर करीब 01.30 बजे लांजी के शुभम मिश्रा, अमित आसटकर आये और मुझे पुरानी रंजिश की बात को मां बहन की गंदी गंदी अश्लील गालियां देने लगे मैंने गालियां देने से मना किया तो शुभम मिश्रा ने मुझे बांस के डंडा से बाये पैर की पिंडली में मारा और अमित आसटकर ने मुझे गाली देते हुये हाथमुक्का से मारपीट किया। मारपीट करने से मुझे बाये पैर के पिंडली मे चोट लगी है, खून निकलने लगा। मीटिंग में नरेश मातरे, मुकेश मातरे, डिलेश्वर बाहे सभी निवासी कडता, राजा कालबेले निवासी लांजी द्वारा बीच बचाव किया है। मारपीट के पश्चात दोनो ही आरोपी युवकों शुभम मिश्रा एवं अमित आसटकर द्वारा जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने पीड़ित बाबूदास जामरे की रिपोर्ट पर दोनो युवको के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023 की धारा 296,115(2), 351(3),3(5) के तहत मामला पंजीबद्ध कर जांच में लिया है।

## विहिप मातृशक्ति प्रखंड किरनापुर द्वारा सीता नवमीं के अवसर पर जनक नंदिनी सीता जी का जन्मोत्सव मनाया



**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।** विश्व हिंदू परिषद मातृशक्ति प्रखंड किरनापुर में सीता नवमी के अवसर पर जनक नंदिनी सीता जी का जन्म उत्सव बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया बहनों द्वारा श्री सुंदरकांड का समझ पाठ कर भजन गाए गए सीता जी की बाल स्वरूप सजीव झांकी निकालकर पूजन अर्चन किया गया अंत में आरती प्रसादी मिठाई वितरण किया गया माता-पिता के जीवन चरित्र पर बहनों द्वारा प्रकाश डाला गया जिला संयोजी का सुश्री नलिनी शुक्ला द्वारा सभी को सीता जन्म उत्सव की हार्दिक बधाई दी गई एवं कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रीमती पायल जोशी, प्रीति, शारदा, लता मालघाटी, सरिता गौतम , अंजना रावत, निधि अग्रवाल, स्वीटी अग्रवाल, कविता अग्रवाल, शुभांगी कनौजिया एवं दुर्गा वहिनी से नीलम माहौल है प्रियंका चौधरी का विशेष योगदान रहा।

## मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम की प्रायोगिक परीक्षा संपन्न



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**

मुख्यमंत्री नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय अन्तर्गत किया गया प्रायोगिक परीक्षा का आयोजन 9 मई को जिला समन्वयक श्री सुशील बर्मन जी,के निर्देशन एव ब्लॉक समन्वय श्रीमती बैजन्ती कटरे के मार्गदर्शन में, सीएमसीएलडीपी कक्षाओं की प्रायोगिक परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें समाजशास्त्र विभाग की विभाग प्रमुख, प्रायोगिक परीक्षा की पर्यवेक्षक, श्रीमती डॉ सीमा श्रीवास्तव जी द्वारा प्रायोगिक परीक्षा ली गई। जिसमें छात्र छात्राओँ से प्रोजेक्ट से संबंधित विषय, जल संरक्षण, एवं स्वच्छता पर मौखिक प्रश्न पूछे गए। इस उपरांत जिला समन्वयक महोदय द्वारा ओचक निरीक्षण किया गया, एवम् प्रायोगिक परीक्षा हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। जिसमें समाजकार्य स्नातक एवं स्नातकोत्तर के समस्त छात्र -छात्राओं की उपस्थिति रही । जिसमें परामर्दाता श्रीमती मालती बिसेन श्रीमती वर्षा परिहार श्री विजय सूर्यवंशी श्री निकास ऐडे, श्री रूपचंद बोरिकर की उपस्थिति रही।

### व्यापारी ने खुदवाये 3 नल कूप : मामला पानी की समस्या से जूझ रहे सावंगी ग्राम पंचायत का

# ग्राम पंचायत व पटवारी की आपत्ति के बाद एसडीएम ने जारी की एक नल कूप खनन की अनुमति

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।**

गर्मी मे पेयजल एवं भूमि जल स्तर को बनाये रखने की मंशा से कलेक्टर बालाघाट द्वारा 1 अप्रैल से आगामी 30 जून तक बालाघाट जिले में विशेष परिस्थितियों को छोड़ कर नलकूप खनन पर पूर्णतः प्रतिबंध लगा दिया गया है। लेकिन कलेक्टर के आदेश, सभी नियमों व ग्राम पंचायत व पटवारी की आपत्तियों को दरकिनार कर एक व्यापारी के झूठे आवेदन पर एसडीएम वारासिवनी द्वारा उसे नल कूप खनन की अनुमति प्रदान कर दी गई। वहीं व्यापारी द्वारा भी एक नलकूप खनन की अनुमति लेकर स्थल पर 3 नलकूप का खनन कर लिया गया और स्थानीय प्रशासन अभी तक कुछ नहीं कर पाया हैं। चर्चा हैं कि इस मामले में बाबू व अधिकारियों के साथ एक पूर्व पार्षद व नेता के माध्यम से लंबी राशि का लेन-देन भी किया गया हैं। जिसके कारण अधिकारियों ने कलेक्टर के निर्देश व नियमों को ठेंगा दिखा दिया।

**रबी की फसल की सिंचाई की झूठी बात लिखकर नल कूप खनन की मॉगी अनुमतिः** मामला ग्राम पंचायत सावंगी का हैं। जहॉ पर वारासिवनी नगर के व्यवसायी श्रीराम रामंचदानी द्वारा खसरा क्रमांक 232/3 रकबा 1.024 हेक्टेयर भूमि खरीदी है। जिस पर वह मेरिज लॉन का निर्माण करने वाला हैं। जिसके लिए पानी की आवश्यकता को देखते हुए व्यापारी द्वारा एक झूठा आवेदन नल कूप खनन की अनुमति के लिए एसडीएम कार्यालय वारासिवनी में लगाया गया। जिसमें उसने भूमि में लगी रबी की फसल की सिंचाई हेतु नहर नहीं होने के कारण पानी के अभाव में सिंचाई नहीं होने से फसल के सूखने के खतरे की बात लिखते हुए नलकूप खनन की अनुमति एसडीएम से मॉगी थी।

**ग्राम पंचायत सावंगी व पटवारी ने अपने प्रतिवेदन में अनुमति नहीं देने की अनुशंसा कीः** जिस पर एसडीएम वारासिवनी द्वारा ग्राम पंचायत सावंगी, हल्का पटवारी एवं पीएचई विभाग से उनका अभिभत मॉगा था। जिस पर ग्राम पंचायत सावंगी के सचिव अंकित जायसवाल व पटवारी द्वारा स्थल निरीक्षण करने के बाद अपने अभिमत के साथ रिपोर्ट एसडीएम कार्यालय में जमा की गई थी। जिसमें स्पष्ट तौर पर लिखा गया था कि जिस स्थल पर नल कूप खनन की अनुमति मॉगी गई हैं, उस स्थल पर किसी प्रकार की रबी की फसल नहीं लगी हैं और वहॉ पर पेड़ पौधे आदि भी नहीं लगाए गए हैं। इसीलिए नल कूप खनन की अनुमति नहीं देने की अनुशंसा पटवारी व ग्राम पंचायत सावंगी द्वारा की गई थी। वहीं पीएचई द्वारा नल कूप खनन की अनापत्ति दे दी गई थी।

**आपत्ति के बाद भी एसडीएम ने दे दी नलकूप खनन की अनुमतिः** बताया जाता हैं कि इस मामले एक पूर्व पार्षद व नेता जी द्वारा व्यापारी को नल कूप खनन की अनुमति दिलवाने में प्रमुख भूमिका निभाई गई हैं। जिसके कारण ग्राम पंचायत सावंगी व पटवारी द्वारा नल कूप खनन पर आपत्ति उठाने के बावजूद एसडीएम राजीव रंजन पांडे द्वारा व्यापारी श्रीराम रामचंदानी को नल कूप खनन की अनुमति प्रदान कर दी गई। जिसके बाद व्यापारी द्वारा उक्त भूमि पर एक नलकूप के स्थान पर 3 नलकूपों का खनन किया गया। जिसमें से एक नलकूप फेल हो गया हैं। जबकि 2 नलकूपों में पानी निकला हैं।



**आपत्ति के बाद भी अनुमति देने से ग्रामीणजन आक्रोशित ;** व्यापारी द्वारा अनावश्यक रुप से बिना जरुरत के भूमि में खोदे गए नलकूप और ग्राम पंचायत सावंगी व पटवारी की आपत्ति के बावजूद एसडीएम द्वारा नल कूप खनन की अनुमति देने से ग्राम वासी बेहद आक्रोश में हैं। ग्राम पंचायत सावंगी के उपसरपंच धनेन्द्र चौहान व ग्रामीण राजेन्द्र ठाकरे का कहना हैं कि पिछले 16 वर्षो से ग्रामीणजन पानी की भीषण समस्या से जूझ रहे हैं। लेकिन प्रशासन ग्रामीणों की समस्या का समाधान करने के स्थान पर व्यापारियों को इस भरी गर्मी में नल कूप खनन की अनुमति दे रहा हैं। जबकि व्यापारी द्वारा नल कूप खनन के लिए झूठा कारण बताते हुए अनुमति मॉगी थी और ग्राम पंचायत सावंगी व पटवारी द्वारा उसके झूठ को अपने प्रतिवेदन में उजागर कर नलकूप खनन की अनुमति देने पर आपत्ति दर्ज करवाई थी। उसके बावजूद एसडीएम वारासिवनी द्वारा नलकूप खनन के लिए अनुमति देना और एक नलकूप खनन की अनुमति के बावजूद व्यापारी द्वारा 3 नलकूपों का खनन करना, कई संदेहों को जन्म दे रहा हैं।

# नेशनल लोक अदालत का हुआ सफल आयोजन

***प्री-लिटिगेशन के 954 प्रकरण तथा 267 लंबित प्रकरणों का हुआ निराकरण***

**बालाघाट।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री प्राणेश कुमार प्राण के मार्गदर्शन में शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। न्यायाधीश श्री प्राण द्वारा नेशनल लोक अदालत के लिए समस्त विभागों के अधिकारी, समस्त न्यायाधीशगण की बैठक ली जाकर आवश्यक दिशा-निर्देश देकर समय-समय पर प्रोत्साहित किया गया एवं निरंतर समीक्षा भी की गई। जिसके परिणामस्वरूप नेशनल लोक अदालत का सफल आयोजन किया जा सका। नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय श्री पदमेश शाह, विशेष न्यायाधीश (एट्रोसिटी एक्ट) श्री रघुवीर प्रसाद पटेल, जिला न्यायाधीश श्री गौतम सिंह मरकाम, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री मनीष सिंह, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री सतीश शर्मा एवं अन्य न्यायाधीशगण एवं गणमान्य अतिथिगण की उपस्थिति में किया गया। नेशनल लोक अदालत में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री प्राणेश कुमार प्राण द्वारा जिला न्यायालय बालाघाट में लोक अदालत के आयोजन के दौरान भ्रमण कर मौके का अवलोकन किया गया। साथ ही जिला न्यायालय परिसर में जिला आयुष विभाग के सहयोग से स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन भी किया गया है जिसमें पक्षकारगण, अधिवक्तागण एवं कर्मचारीगण का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाईओं का वितरण किया गया है। उक्त के अतिरिक्त जिला न्यायालय परिसर में जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के सहयोग से दिव्यांगजन/हितग्राहियों को व्हील चेयर का वितरण किया गया।

## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे मे युवक घायल

हरिभूमि न्यूज सिवनी। जिले के घंसौर थाना क्षेत्र में बर्रा टोला ग्राम के पास दोपहर 12 बजे एक सड़क हादसा हुआ। चमारवाहा ग्राम से सारंगपुर जा रहे चार युवक बाइक से गिर गए। हादसे में घायल युवकों की पहचान प्रकाश धुर्वे (24), संदीप धुर्वे (18), मुकेश परते (18) और सुरेंद्र मर्रापा (18) के रूप में हुई। प्रत्यक्षदर्शियों ने तुरंत पुलिस और 108 एंबुलेंस को सूचना दी। घायलों को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने तीन घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।घंसौर थाना प्रभारी लक्ष्मण सिंह झारिया ने बताया कि हादसे की जांच की जा रही है। दुर्घटना स्थल पर आमतौर पर लोगों और वाहनों की आवाजाही अधिक रहती है। पुलिस लगातार लोगों से वाहन सावधानी से चलाने की अपील कर रही है।

# महंगे फल के सस्ते जूस से सेहत हो रही खराब

## मिलावट जांचने वाले जिम्मेदार मौन

**जिले मे फलों के दाम आसमान पर हैं। फलों का राजा आम इन दिनों 100 से लेकर 140 रुपए किलो तक बेचा जा रहा है। बावजूद शहर में इनसे बना ज्यूस सस्ते में मिल रहा है।**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

साफ है ज्यूस के नाम पर केमिकल बेचा जा रहा है। शहर में खुलेआम सेहत से खिलवाड़ होने के बावजूद जिम्मेदारों का ध्यान नहीं है। खाद्य विभाग ने भी अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है। बड़ी बात यह है कि सस्ते फलों का जूस पिककर बच्चे बीमार हो रहे हैं। तेज गर्मी के कारण इन दिनों किसी भी बाजार या शहर के प्रमुख मार्ग पर हर जगह शीतल पेय व ज्यूस की दुकानें नजर आ रही हैं। दोपहर से देर रात तक इन दुकानों पर भीड़ उमड़ रही है। ये सस्ते ज्यूस लोगों की सेहत बिगाड़ रहे हैं। शहर में बस स्टैंड, शुक्रवारी चौक, कचहरी रोड सहित विभिन्न चौराहों व मार्गों पर जूस, मिल्क शेक, शर्बत आदि की कई दुकानें हैं। लगभग सभी में एसेंस व कलर वाला ज्यूस ही बिक रहा है।



फाईल फोटो

वहीं बात आम की करें तो अभी आम की फसल पूरी तरह पक कर तैयार नहीं हुई है, लेकिन बाजारों में दुकानों पर आम के जूस मार्च माह से ही बेचे जा रहे हैं। ऐसे में लोगों की सेहत खराब हो रही है। जबकि आम की फसल मई और जून में पक कर तैयार होती है। एक व्यक्ति को एक दिन में केवल 20 से 30 ग्राम चीनी की आवश्यकता होती है, लेकिन बाजार में उपलब्ध रसों में बड़ी मात्रा में फुड कलर और चीनी मिलाई जाती है जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। फ्लेवर वाले जूस में शामिल तत्व सेहत के लिए हानिकारक हो सकते हैं। इनमें आर्टिफिशियल स्वीटनर, प्रिजर्वेटिव और रंग शामिल हो सकते हैं जो पाचन तंत्र, किडनी और हृदय पर बुरा असर डाल सकते हैं। ये जूस एसिडिटी, गैस और पेट दर्द का कारण बन सकते हैं। एसेंस व कलर से बना ज्यूस नियमित सेवन से किडनी व लीवर को नुकसान पहुंचता है। अन्य जानलेवा बीमारियां भी होती हैं। ज्यूस में गंदा पानी भी मिला हो सकता है। इस समय काफी बच्चे जिला अस्पताल में आ रहे हैं। डायरिया, पीलिया की शिकायत हो रही है।

# केवलारी पुलिस के हत्थे चढ़े गौवंश तस्कर

हरिभूमि न्यूज केवलारी।

केवलारी पुलिस के द्वारा मुखबिर सूचना मिलने पर तत्काल कार्यवाही करते हुए पीकअप वाहन में गौवंश भरकर कत्लखाना नागपुर ले जाने की सूचना पर वाहन सहित गौवंश को सुरक्षित निकालकर आरोपियों के विरुद्ध गौवंश का मामला पंजीवध्द किया गया। पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता सिवनी, अति. पुलिस अधीक्षक श जी.डी. शर्मा सिवनी तथा अनु. अधिकारी पुलिस आशीष भराडे केवलारी के निर्देशानुसार थाना प्रभारी केवलारी ब्रजेश उड़के के नेतृत्व में केवलारी पुलिस टीम व्दारा दिनांक 09/05/2025 की रात बोलेरो पीकप वाहन में ग्राम कण्डीपार से मवेशियों के सिंग व पैर रस्सी से बांधकर क्रूरता पूर्वक नागपुर कत्ल खाना लेकर जा रहा है की मुखबिर सूचना पर सरगर्मी से त्वरित कार्यवाही करते हुए गौवंश को कत्लखाने जाने से पहले मौके पर वाहन सहित पकड़ने एवं गौवंश को सुरक्षित निकालने में सफलता हासिल की गई ।

थाना केवलारी पुलिस को दिनांक 09/05/2025 की रात मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि एक सफेद रंग का बोलेरी पीकअप वाहन क्रमांक MH34AV0479 जिसके केबिन पर लोहे की जाली लगी है एवं हिन्दी में संकट मोचन लिखा है उसी वाहन में ग्राम कण्डीपार से मवेशियों के सिंग एवं पैर रस्सी से बांधकर क्रूरता पूर्वक पीकअप वाहन में ठुसठुस कर भरकर नागपुर कत्लखाने लेकर जा रहे है जिस पर वरिष्ठ अधिकारीयों के मार्गदर्शन में त्वरित कार्यवाही कर ग्राम पांजरा में सरकारी स्कूल के पास चेकिंग लगायी गई जो ग्राम कण्डीपार तरफ से एक बोलेरो पीकअप वाहन काफी तेजगति से लहराते हुए याम पांजरा के तरफ आ रही थी, जिसे रोकने का प्रयास किया गया लेकिन वाहन चालक ने वाहन को नहीं रोका जिसका पीछा कर वाहन को आगे रोका गया।

वाहन चालक एवं वाहन में बैठे दो अन्य लोगो से नाम पता पूछे जाने पर वाहन चालक आरोपी नंदकिशोर अवराशे पिता रोशनलाल अवरासे उम्र 47 साल नि. ग्राम उगली, अन्य आरोपी नरेश इनवाती पिता मुन्नालाल उम्र 23 साल नि. दामीझोला थाना उगली, देवेन्द्र भलावी पिता सुकल सिहं उस 26 साल नि. ग्राम घुरवाड़ा थाना उगली के विरुध्द गौवंश का मामला पंजीबध्द किया जिसमें 06 नग गौवंश बैल (नाटा) किमती 42000 रुपये एवं पीकअप वाहन किमती 400000 कुल मशरुका 442000 रुपये जप्त कर कब्जे में लिया गया विवेचना जारी है।

# छात्रों ने समर कैंप में खेलकूद, आर्ट एण्ड क्राफट एवं शैक्षणिक गतिविधियों में उत्साहपूर्वक सहभागिता कर रहे

हरिभूमि न्यूज सिवनी।



नगर की प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्था सरस्वती शिशु मंदिर सिवनी में 1मई से संचालित समर कैंप लगातार प्रगति पर है सिवनी नगर के अन्य 43 स्कूल के लगभग 400 छात्र-छात्राऐं उपरोक्त समर कैंप में विभिन्न खेलकूद, आर्ट एण्ड क्राफट एवं शैक्षणिक गतिविधियों में उत्साहपूर्वक सहभागिता कर रहे है। समर कैंप के 11वें दिन प्रतिभागीयों को विद्यालय में नवनिर्मित एस्ट्रो एवं स्टैम लैंब का अवलोकन कराया गया। उपरोक्त एस्ट्रो लैब में विशाल टेलीस्कोप सहित अंतरिक्ष विज्ञान के लगभग 100 चलित मॉडल स्थापित किए गये है। जिसके माध्यम से अंतरिक्ष के क्षेत्र में दुनिया में हो रहे परिवर्तन एवं नवीनतम ज्ञान को विद्यालय में अध्ययनरत छात्रों को प्रत्यक्ष सिखाया जाएगा। उल्लेखनीय है कि सरस्वती शिशु मंदिर सिवनी में स्थापित उपरोक्त एस्ट्रो लैब सिवनी जिले की प्रथम एवं एक मात्र लैब है। लैब का अवलोकन कर छात्र-छात्राओं ने अत्यंत प्रसन्नता व्यक्त की। सरस्वती शिशु मंदिर सिवनी में संचालित उपरोक्त समर कैंप ने बैडमिंटन, कबड्डी, खो-खो, घोष सहित विभिन्न भारतीय खेलो के साथ-साथ वर्तमान में स्केटिंग का प्रशिक्षण भी प्रशिक्षित प्रशिक्षकों द्वारा प्रदान किया जा रहा है। समर कैंप में सिखाए जा रहे मैजिक मैथ्स (वैदिक गणित) में भी बहुत सारे छात्र-छात्राऐं उत्साहपूर्वक सहभागिता कर रहे है।

# जंगल में तेंदूपत्ता तोड़ने गई महिला पर बाघ ने किया हमला, मौके पर मौत; गांव में दहशत का माहौल

**जिले के कुरई वन परिक्षेत्र के बिछुआ गांव के जंगल में तेंदूपत्ता तोड़ने गई एक 50 वर्षीय महिला पर बाघ ने हमला कर उदिया।**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।



हमला इतना घातक था कि महिला की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। जनकारी के अनुसार, मृतका की पहचान हेमलता डहरवाल (उम्र 50 वर्ष) के रूप में हुई है। वह शनिवार सुबह अन्य ग्रामीण महिलाओं के साथ बिछुआ गांव के जंगल में तेंदूपत्ता तोड़ने गई थी। इस दौरान झाड़ियों में छिपे बाघ ने अचानक उस पर हमला बोल दिया। कुरई थाना प्रभारी कृपाल सिंह तेकाम के अनुसार, बाघ ने महिला की गर्दन और शरीर के अन्य हिस्सों पर पंजे और दांतों से गंभीर वार किए, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हमले के बाद बाघ मृतका के शव को घसीटते हुए करीब 100 मीटर भीतर घने जंगल में ले गया। साथ मौजूद अन्य महिलाओं ने जब शोर मचाया तो गांव से करीब 50 ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। भीड़ को देख बाघ शव छोड़कर जंगल में भाग गया। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम और पुलिस मौके पर पहुंची। शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। वन अमले ने क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी है और ग्रामीणों को सतर्क रहने की हिदायत दी है।

सिवनी जिला पहले भी बाघों की सक्रियता के कारण सुर्खियों में रहा है। जंगल से सटे गांवों में बाघों की आमद अब चिंता का विषय बनती जा रही है। वन विभाग ने तेंदूपत्ता संग्रहण के दौरान सतर्कता बरतने और समूह में जाने की सलाह दी है।

# राष्ट्रीय नागरिक सुरक्षा अभियान से संबंधित आवश्यक बैठक का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार भाजपा जिला कार्यालय में भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन की अध्यक्षता में राष्ट्रीय नागरिक सुरक्षा अभियान से संबंधित आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया । बैठक में देश में उत्पन्न वर्तमान परिस्थिती पर चर्चा की गयी और कहा गया कि भारत - पाकिस्तान युद्ध की संभावना को दृष्टिगत रखते हुये समाज के सभी वर्गो को साथ लेकर एक अभियान चलाया चलाया जाये । इस अभियान में अनेक विषयों पर चर्चा को केन्द्रित रखते हुये आपात परिस्थितियों से निपटने के उपायों से संबंधित सुझाव एवं आवश्यक जानकारियां दी जाये । बैठक तय किया गया है कि जिले के अनेक स्थानों में स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन, रक्तदान एवं अन्य सभी समुचित व्यवस्थाएँ की जाये । इन सभी के लिये समितियों का गठन कर जिम्मेदारियाँ निर्धारित की गयी है । जिला भाजपा मीडिया विभाग द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि विभिन्न प्रकार की बनायी गयी समितियों के कार्यो की मानीटरिंग भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन, पूर्व जिलाध्यक्ष आलोक दुबे, पूर्व विधायक नरेश दिवाकर, भाजपा के वरिष्ठ नेता वेदसिंह ठाकुर, पूर्व विधायक राकेश पाल सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष प्रेम तिवार, पूर्व नपा अध्यक्ष राजेश त्रिवेदी एवं भाजपा के जिला महामंत्री अजय डागोरिया करेंगे । बैठक में तय किया गया कि रक्तदान कार्यक्रम संबंधी जिम्मेदारी भाजपा के जिला मंत्री पीयुष दुबे, युवामोर्चा के जिलाध्यक्ष युवराज रांहगडाले, अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष आशीष माना ठाकुर, एवं समस्त भाजपा मंडल अध्यक्ष संभालेंगे । रक्तदान दाताओं की सूचियों का संकलन करेंगे । इसी प्रकार नागरिक स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं के लिये बनी समिति की जिम्मेदारी भाजपा जिला मंत्री डां. अभिजीत सिंह चोहान, एवं डां. भूपेन्द्र मिश्रा देखेंगे । आवश्यकता अनुसार आपात स्थिती में दवाईयों की व्यवस्था एवं स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन सुनिश्चित करेंगे । आपात स्थिती में जल आपूर्ति की व्यवस्थाओं को नगर पालिका अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया, श्रीमती इमरता साहू नप अध्यक्ष बरघाट, श्रीमती निशा पटेल नप अध्यक्ष छपारा, श्रीमती सुनीता बघेल नप अध्यक्ष केवलारी, श्रीमती मीना गोल्हानी नप अध्यक्ष केवलारी एवं समस्त जनपदों के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष आपात स्थिती में जल आपूर्ति को व्यवस्थित रखने की जिम्मेदारी निभायेंगे । आपात स्थिती में राशन व्यवस्था के लिये बनी समिति में लालमणी लालू राय, प्रहलाद पटेल, परसराम सनोडिया, कीरत सिंह बघेल को शामिल किया गया है । नागरिक सुरक्षा से संबंधित समिति में भाजपा जिला उपाध्यक्ष दीपक नगपुरे, विक्रांत दुबे ,एवं अन्य को शामिल किया गया है । समाज की संमस्त सामाजिक धार्मिक संस्थाओं से चर्चा के लिये बनी समिति में पूर्व सांसद डां. ढालसिंह बिसेन, पूर्व जिला अध्यक्ष सुजीत जैन, सुदर्शन बाझल, पूर्व नपा अध्यक्ष राजेश त्रिवेदी, भाजपा जिला महामंत्री गजानंद पंचेश्वर को शामिल किया गया है । आयोजित बैठक में उपरोक्त पदाधिकारियों के अतिरिक्त भाजपा जिला उपाध्यक्ष नवल किशोर श्रीवास्तव अन्य पदाधिकारी एवं भाजपा कार्यकत्रता उपस्थित रहे ।

# अब पूरक नहीं, होगी बोर्ड के द्वितीय अवसर की परीक्षा

**10 वीं एवं 12 वीं बोर्ड के भरे जा रहे हैं आवेदन, 17 जून से होगी शुरुआत**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

माध्यमिक शिक्षा मंडल इस बार बोर्ड की पूरक परीक्षा आयोजित नहीं करेगा। इस बार कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं के लिए द्वितीय अवसर की परीक्षा का आयोजन किया जाएगा।

जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि ऐसे छात्र जो मंडल की प्रथम परीक्षा में एक या अधिक विषयों में अनुत्तीर्ण अथवा अनुपस्थित रहे हों, वे सभी द्वितीय परीक्षा में सम्मिलित हो सकेंगे। इसके साथ ही ऐसे परीक्षार्थी जो किसी विषय में उत्तीर्ण हो गए हों, वे भी अंक सुधार के लिए द्वितीय अवसर परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। विद्यार्थियों के लिए विशेष बात है कि प्रथम व द्वितीय अवसर में से जो भी श्रेष्ठ परिणाम होगा वह अंतिम रूप से मान्य होगा।

किसी छात्र को प्रायोगिक एवं आंतरिक परीक्षा के केवल अनुत्तीर्ण भाग में शामिल होने की पात्रता होगी। द्वितीय अवसर परीक्षा में परीक्षार्थी को प्रथम परीक्षा में लिए गए विषय परिवर्तन की अनुमति नहीं होगी। द्वितीय अवसर परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों को पहली परीक्षा की अंकसूची जारी नहीं की जाएगी। ये परीक्षार्थी द्वितीय परीक्षा की अंकसूची जारी होने तक डिजी लॉकर के माध्यम से अपनी पहली अंकसूची की प्रमाणित प्रति प्राप्त कर सकते हैं। द्वितीय अवसर की अंकसूची परीक्षाफल घोषित होने के बाद जारी की जाएगी।

**21 मई तक किए जा सकेंगे आवेदन**

द्वितीय अवसर परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए ऑनलाइन आवेदन सात मई से शुरू हो चुके हैं, जो कि 21 मई की रात 12 बजे तक एमपी ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से भरे जा सकेंगे। द्वितीय परीक्षा का आयोजन कक्षा 10 वीं के लिए 17 जून से 26 जून तक और कक्षा 12 वीं के लिए 17 जून से पांच जुलाई तक होगा। नियमित एवं स्वाध्यायी, सभी परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित की जाएगी।

# साइबर अटैक का खतरा: लोगों को सतर्क रहने की जरूरत



हरिभूमि न्यूज सिवनी।

भारतीय सुरक्षा एजेंसी ने मौजूदा समय से साइबर अटैक का खतरा भी बताते हुए लोगों को अवेयर किया जा रहा है। साथ ही बताया जा रहा है कि कैसे वाट्सएप पर आए एक सामान्य से मैसेज, वीडियो, फोटो, एपीके, इएक्सई फाइल से आप शिकार हो जाएंगे और आपके अकाउंट का उपयोग कहां-कहां होगा, उम्मीद नहीं की जा सकती है।

भारत में इस समय शादी का सीजन चल रहा है ऐसे में शादी के इन्विटेशन की लिंक फ्रॉड लिंक मोबाइल पर भेजी जा रही हैं, जिसे आप जैसे ही ओपन करेंगे, तत्काल ही आपका मोबाइल हैक हो जाएगा। इससे पहले ही आप कुछ उपाय करेंगे, आपका मोबाइल में संचालित अकाउंट भी खाली हो सकता है।

इस तरह के मामलों की शिकायतें इस समय तेजी से बढ़ रही हैं। फोटो, वीडियो, शादी इन्विटेशन, पीएम किसान, पीएम आवास, आधार लिंक, एपीके फाइल से फ्रॉड किया जा सकता है। इसके अलावा ऐसे कंटेट जिनसे आपको कोई लेना देना नहीं और लिंक को भी ओपन करने से बचना होगा। कुछ एक्सपर्ट लोकेशन को भी बंद रखने की सलाह दे रहे हैं।

### रोज ग्रुप पर शेयर हो रही एपीके व लिंक

व्हाट्सएप ग्रुपों पर फ्री मोबाइल चार्ज, किसान सम्मान निधि, बैंक व विभिन्न योजनाओं से लाभ के लालच या लाभांवितों की सूची देखने के नाम से फर्जी एपीके फाइल आ रही हैं। तो वहीं शासकीय कर्मचारियों के ग्रुपों में भी ऑर्डर या योजना संबंधी एपीके फाइल पहुंच रही हैं, जिन्हें क्लिक करते ही मोबाइल या व्हाट्सएप है हो जाता है व खाते से रुपए भी गायब हो जाते हैं।

### -सरकारी योजनाओं के लिंक से धोखाधड़ी

इस समय प्रधानमंत्री आवास और किसान सम्मान निधि के संबंध में एपीके लिंक मोबाइल पर सबसे ज्यादा वायरल हो रहे हैं। जिसमें इस लिंक के माध्यम से सीधे करें रजिस्ट्रेशन, यहां जाने अपने खाते की स्थिति जैसे त्वरित लिंक सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर शेयर हो रहे हैं। जो वॉट्स एप, टेलीग्राम, मैसेंजर के माध्यम से हर मोबाइल तक पहुंच रहे हैं। ऐसे में जो भी इन लिंक पर क्लिक कर रहा है, उसके साथ फ्रॉड हो रहा हैं।

### कितने खतरनाक है एपीके व इएक्सीइ फाइल

आमतौर पर ऐसे ऐप जो गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध नहीं रहते, उनके एपीके या इएक्सई फाइल होते है। एपीके फाइल मोबाइल में लिंक के माध्यम से डाउनलोड होती है, जिससे इंस्टॉल करने के पहले अलग से अनुमतियां देना होती हैं। कुछ एपीके फाइल सही होते है, लेकिन फ्रॉड की नियत ये बनाए गए लिंक को इंस्टॉल करने पर बहुत नुकसान है। इस वजह से आपके फोन में संचालित खाता से पूरी रकम भी गायब हो सकती है। आपके फोन के प्राइवेट फोटो, वीडियो, कॉल वायरल हो सकते हैं। उनका दुरुपयोग हो सकता है। आपके नंबर को हैक कर किसी दूसरे से फ्रॉड किया जा सकता है।

### पुलिस भी कर रही अलर्ट

भारतीय सुरक्षा एजेंसी के अलावा स्थानीय स्तर पर पुलिस भी लोगों को अलर्ट कर रही है। साथ ही +९२ से आने वाले कॉल को नहीं लेने, साथ ही ऐसे नंबरों की शिकायत तत्काल कराने कहा जा रहा है। इसके अलावा वॉट्सएप पर सबसे ज्यादा सतर्कता बरतने कहा जा रहा है।

# फूड कारोबारी 31 मई तक भर दें रिटर्न, वरना देना पड़ेगा जुर्माना




हरिभूमि न्यूज सिवनी।

शहर में लाइसेंसधारी फूड कारोबारियों को वित्तीय वर्ष 2024-25 का वार्षिक रिटर्न 31 मई तक दाखिल करना जरूरी है। ऐसा नहीं करने पर 1 जून से उन पर 100 रुपए प्रतिदिन के हिसाब से जुर्माना वसूला जाएगा। एफएसएसएआई के फोसकॉस पोर्टल के जरिए सभी एफएसएसएआई लाइसेंस प्राप्त खाद्य निर्माता, आयातक और निर्माता-निर्यातकों को अपना वार्षिक रिटर्न दाखिल करना है।खास बात यह है कि पिछले वर्ष शून्य उत्पादन होने पर भी फूड कारोबारियों को रिटर्न जमा करना ही होगा, ऐसा नहीं करने पर धारा-32 के अंतर्गत लाइसेंस निलंबित करने की कार्रवाई भी की जा सकती है।

### ऐसे करें वार्षिक रिटर्न दाखिल

चरण 1 : फॉसकोस पोर्टल पर लॉगिन करें। चरण 2 : बाएं मेनु में जाएं, वार्षिक रिटर्न भरें।

### रिटर्न दाखिल करते समय ध्यान रखने योग्य बातें

पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान शून्य उत्पादन होने पर भी रिटर्न दाखिल करना अनिवार्य है। लाइसेंस एक्सपायर हो गया हो या वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान सरेंडर कर दिया गया हो, तब भी रिटर्न भरना आवश्यक है। 31 मार्च-2025 से पहले नया लाइसेंस प्राप्त हुआ है, तब भी रिटर्न भरना आवश्यक है। पुनः पैकिंग या लेबलिंग करने वाले व्यवसायों को भी वार्षिक रिटर्न भरना है।

**पालन न करने की स्थिति में परिणाम**

### दंड : 100 रुपए प्रतिदिन 1 जून 2025 से लागू

एफएसए अधिनियम, 2006 की धारा-32 के अंतर्गत लाइसेंस निलंबित किया जा सकता है।

## 20544035 रूपये से अधिक के अवॉर्ड हुए पारित

# नेशनल लोक अदालत में 415 प्रकरणों का निराकरण किया गया

**मुख्य न्यायाधीपति मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय एवं कार्यपालक अध्यक्ष मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी के तत्वावधान में 10.05.2025 को नेशनल लोक अदालत का जिले में आयोजन किया गया।**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।



मुख्य न्यायधिपति द्वारा उच्च न्यायालय द्वारा नेशनल लोक अदालत का वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से ई-शुभारंभ किया गया। ई-शुभारंभ कार्यक्रम में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश / अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सतीश चन्द्र राय की अध्यक्षता में जिला अभिभाषक संघ के अध्यक्ष रवि कुमार गोल्हानी, प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय मती मनीषा बसेर, विशेष न्यायाधीश (एट्रोसिटी) गालिब रसूल, प्रथम जिला एवं सत्र न्यायाधीश लक्ष्मण कुमार वर्मा, तृतीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश बलवीर सिंह धाकड़, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मती कला भम्मरकर, जिला रजिस्ट्रार / न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी विक्रम सिंह डावर, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रवि नायक, अन्य न्यायाधीशगण, जिला विधिक सहायता अधिकारी सिद्धार्थ शुक्ला एवं जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रवि गोल्हानी उपस्थित रहे। साथ ही उक्त ई-शुभारंभ कार्यक्रम का अवलोकन समस्त तहसील समितियों के न्यायाधीशगणों द्वारा भी किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आयोजित कार्यक्रम में माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश एव अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में प्रकरणों के निराकरण में विशेष प्रयास करने एवं नेशनल लोक अदालत को सफल बनाने का आहवान किया। प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा नेशनल लोक अदालत आयोजन स्थल एवं पीठों का निरीक्षण भी किया। उक्त नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला मुख्यालय की भाति तहसील विधिक सेवा समित्तियों लखनादौन, घसौर एवं केवलारी में भी न्यायाधीशगणों एवं अधिवक्तागणों की उपस्थिति में किया गया। नेशनल लोक अदालत के माध्यम से न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य दाण्डिक, सिविल, चैक अनादरण, वाहन दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा, वैवाहिक मामले, विद्युत के लंबित प्रकरणों का आपसी सहमति एवं राजीनामा के आधार पर निराकरण किया गया साथ ही बैंक ऋण वसूली, बी.एस.एन.एल. की बकाया वसूली से संबंधित प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का भी निराकरण किया गया। नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु कुल 22 खंडपीठों का गठन किया गया। उक्त 22 खंडपीठों में कुल समझौता योग्य आपराधिक 177 प्रकरण रखे गये, जिनमें 93 प्रकरण निराकृत किये गये एवं 1360000 रूपये राशि का अवार्ड पारित किया गया । धारा 138 चैक बाउन्स के 54 प्रकरण रखे गये, जिनमें 24 प्रकरण निराकृत किये गये,6975885 रूपये की समझौता राशि का आदेश पारित हुआ। मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा क 23 प्रकरण रखें गये जिनमें 07 प्रकरण निराकृत हुए एवं रूपये राशि 2928000 का अवार्ड पारित किया गया। अन्य सिविल प्रकरण 28 रखे गये, जिनमें 04 प्रकरणों का निराकरण किया गया। विद्युत अधिनियम के 35 प्रकरण रखें गये, जिनमें 21 प्रकरण निराकृत हुए एवं 453326 रूपये समझौता राशि का आदेश पारित किया गया। पारिवारिक विवाद से संबंधित 56 प्रकरण रेखें गये थे, जिनमें 32 प्रकरण निराकृत हुए। उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण मामलों के 10 रखे गये प्रकरणों में से 03 प्रकरण निराकृत हुये एवं 9088900 रूपये राशि का अवार्ड पारित किया गया एवं अन्य मामलों के रखे गये 77 प्रकरण में से 19 प्रकरण का निराकरण किया गया एवं 3007997 रूपये राशि का अवार्ड पारित किया गया। इसी प्रकार पूर्व वाद प्रकरणों में बैंक वसूली के 195 प्रकरण रखे गये, जिनमें 63 प्रकरणों में आपसी समझौतें से 3448080 रूपये की राशि का वसूली आदेश पारित किया गया, विद्युत अधिनियम के पूर्व वाद प्रकरण 120 रखें गये जिनमें 72 प्रकरण निराकृत हुए एवं 502000 रूपये की समझौता राशि का आदेश पारित हुआ। नगरपालिका से संबंधित जलकर के 426 प्रकरण रखे गये, जिनमें 61 प्रकरण निराकृत हुए एवं 613228 रूपये की जलकर की राशि 19 प्रकरण निराकृत हुये एवं 1092415 रूपये की वसूली राशि के आदेश पारित किये गये।

In The Court of V Civil Judge Class-II, District Court, Damoh
Presiding Officer : सुश्री रिया सिंह
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 . के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु) (RCSA/0000069/2023)
राजेन्द्र सिंह............................वादी Vs
गुलाब सिंह..................................प्रतिवादी
TID/1563/2025
Process Id-/102 / 2025
पेशी दिनांक :- 19/06/2025
प्रेषिती- (1) हेमकुमारी पुत्री गुलाब सिंह पता - लखनादौन जिला सिवनी
यह कि प्रार्थी राजेन्द्र सिंह ने आपके विरूद्ध आवेदन वास्ते स्थाई निषेधाज्ञा के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात /हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें यह आज तारीख 06 May 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है ।
(सुश्री रिया सिंह)
सील पंचम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड दमोह, जिला-दमोह (म.प्र.)
कृपया ध्यान दें:- 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

## 58 गांवो में 9750 घरेलू, 1400 कृषि और 28 औद्योगिक कनेक्शन को होगी पर्याप्त विद्युत आपूर्ति

# 58 गांवों के धान उत्पादक किसानों को अब नहीं होंगी वोल्टेज की समस्या

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज 64 पुलिस जवानों को करेंगे क्रम से पूर्व पदोन्नत

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार को दोपहर में लांजी में पुलिस जवानों के कार्यक्रम में शामिल होंगे। उनके निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार सुबह 11:55 बजे इंदौर एयरपोर्ट से गोंदिया के लिए प्रस्थान करेंगे। करीब 12:50 बजे गोंदिया एयरपोर्ट पहुचेंगे।यहां से वे हेलीकॉप्टर से लांजी तहसील के लिए प्रस्थान करेंगे। दोपहर करीब 1:10 बजे लांजी पहुँच कर मुख्यमंत्री डॉ. यादव जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत लांजी की बावड़ी में किये गए कार्य का अवलोकन करने के पश्चात रानी अवंति बाई स्टेडियम में आयोजित हो रहें मुख्य कार्यक्रम पहुचेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव दोपहर 3 बजे वापस गोंदिया एयरपोर्ट के लिए प्रस्थान करेंगे। 3:15 बजे गोंदिया एयरपोर्ट पहुंच वे 3:20 बजे बाय प्लेन भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे। इसी कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव कक्षा 10 और कक्षा 12 वी में प्रदेश में टॉप करने वाले विद्यार्थियों का भी सम्मान करेंगे। जिला शिक्षा अधिकारी श्री एके उपाध्याय ने बताया कि प्रदेश की मेरी सूची में बालाघाट जिले से कक्षा 10 वी में 12 व कक्षा 12 वी में 5 विद्यार्थियों ने प्रदेश की प्रावीण्य सूची में शामिल है।

वारासिवनी और लालबर्रा क्षेत्र के किसानों की वोल्टेज की समस्या का निदान अब हो गया है। कुछ दिनों पूर्व यहां के किसान वोल्टेज की समस्या से परेशान रहे है लेकिन अब मप्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा इसका समाधान कर लिया गया है। विभाग द्वारा यहां 5.49 करोड़ रुपये की लागत से 33/11 केवी के दो नए उपकेंद्र खमरिया और समनापुर का निर्माण किया गया है। इससे इन दो क्षेत्र के 58 गांवों में विद्युत आपूर्ति को एक आयाम मिलेगा। एमपीईबी के अधीक्षण यंत्री श्री दीपक उइके ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार को खमरिया और समनापुर दो विद्युत उपकेंद्रों का लोकार्पण करेंगे। ये दो उपकेंद्र नये बनाये गए खमरिया क्षेत्र में पहले लालबर्रा और वारासिवनी उपकेंद्र से विद्युत आपूर्ति की जाती रही है। इसी तरह समनापुर के लिए धपेरा-मोहगांव तथा भरवेली उपकेंद्र से विद्युत व्यवस्था थी। अब इन दो क्षेत्रो में अलग अलग उपकेंद्र स्थापित कर दिए गए है। इन दो उपकेंद्रों से 9750 घरेलू, 1400 कृषि और 28 औद्योगिक उपभोक्ताओं को बिजली आपूर्ति करेंगे।

खमरिया उपकेंद्र से 6350 घरेलू उपभोक्ता, 450 कृषि उपभोक्ता, 16 औद्योगिक उपभोक्ता एवं मुख्य ग्राम खमरिया, लोहारा, नेवारगांव, कमाथी, निलजी, चंदपुरी,कोसमी को लाभ प्राप्त होगा।



समनापुर उपकेंद्र से 3400 घरेलू उपभोक्ता, 950 कृषि उपभोक्ता, 12 औद्योगिक उपभोक्ता एवं मुख्य ग्राम समनापुर, नेवरगांव, रोशना, मगरदर्रा, टिटवा, आमगाव को लाभ प्राप्त होगा।

### लांजी में 169.197 करोड़ रुपये की जिले को मुख्यमंत्री देंगे सौगात

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार को बालाघाट के लांजी में पुलिस विभाग के क्रम से पूर्व पदोन्नति अलंकरण समारोह (ऑउट ऑफ टर्न) कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस कार्यक्रम के माध्यम वे बालाघाट जिले के नागरिको को 169.197 करोड़ रुपये की सौगातें भी देंगे। वे यहां विभिन्न विभागों के 86.227 करोड़ रुपये के विकास कार्यो का लोकार्पण करेंगे। साथ ही 82.97 करोड़ के नए विकास कार्यो का भूमिपूजन भी करेंगे। उनके द्वारा लोकार्पित होने वाले विकास कार्यो में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के 34 कार्यो,लोक निर्माण विभाग के 23, मप्र ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण की 10 सड़कों, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग- 1 व 2 के 7, जनजाति कार्य विभाग के 4, एमपीईबी के 2, मप्र हाउसिंग व स्वास्थ्य विभाग के 1-1 कार्य शामिल है। इसी तरह मुख्यमंत्री डॉ. लांजी में ही कटंगी, किरनापुर व परसवाड़ा एसडीएम कार्यालयों के लिए स्वीकृत नवीन भवन का भूमिपूजन करेंगे। साथ ही चिचेवाड़ा से महाराष्ट्र को जोड़ने वाले छोटी बाघ नदी पर पुल निर्माण, कोमो से रतनपुर,मझधर से सुकल्पट तथा आयुर्वेद महाविद्यालय परसवाड़ा का भूमिपूजन करेंगे।



### अनेक सुविधाओं से सुसज्जित होगा आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार को बालाघाट जिले में आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से विभिन्न विभागों के विकास कार्यो का लोकार्पण तथा नए विकास कार्यो का भूमिपूजन करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव धापेवाड़ा में निर्मित होने वाले एक भव्य और आधुनिक आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय का भूमिपूजन करेंगे। ₹आधुनिकता के साथ परंपरा का समन्वय₹ इसी विचार को साकार करने के लिए यहाँ एक ऐसा संस्थान बनाया जा रहा है, जो आयुर्वेद की प्राचीन ज्ञान परंपरा को आधुनिक सुविधाओं के साथ जोड़कर विश्वस्तरीय स्वरूप देगा। इस परियोजना की निर्माण नागत लगभग 69.80 करोड़ है। यह सरकार की प्रतिबद्धता है कि हर जिले को उच्च गुणवत्ता की स्वास्थ्य और शिक्षा सुविधाएं उपलब्ध हो।

## गैंगरेप : पुलिस ने 15 दिन में 40 पेज का चालान कोर्ट में किया पेश

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट के हट्टा थाना क्षेत्र में 3 नाबालिग और 1 बालिग आदिवासी लड़की से हुए सामूहिक दुष्कर्म मामले में पुलिस ने 15 दिन में 40 पेज का चालान कोर्ट में पेश कर दिया। घटना 23 अप्रैल की रात को हुई थी। चारों पीड़िताएं एक शादी समारोह से लौट रही थीं। दो दिन तक गांव में पंचायत के माध्यम से समझौते का प्रयास किया गया। समझौता नहीं होने पर 25 अप्रैल को एफआईआर दर्ज की गई। पुलिस ने सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। लोकेश मात्रे, लालचंद खरे, अजेन्द्र बाहे, अज्जु बगडते, राजेन्द्र कावरे, मानिराम बाहे और इंग्लेश मात्रे अभी बालाघाट जेल में बंद हैं।

सीएसपी वैशाली सिंह कराहलिया ने बताया कि मामले की जांच पूरी कर ली गई है। उन्होंने डिस्ट्रिक्ट जज को डे-टू-डे सुनवाई के लिए पत्र लिखा है। पीड़िताओं को अनुसूचित जाति और जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत 8 लाख 25 हजार रुपए की नई आर्थिक सहायता दी गई है। इससे पहले उन्हें 16 लाख 50 हजार रुपए की सहायता मिल चुकी है। 7 मई को आदिवासी समाज ने न्याय जनाक्रोश रैली निकाली थी। रैली में जिले और आसपास के क्षेत्रों से आए प्रतिनिधियों ने सरकार की चुप्पी पर नाराजगी जताई। उन्होंने पीड़िताओं को एक-एक करोड़ रुपए मुआवजा और आरोपियों को फांसी की मांग की।



#### नकदी और जेवरात समेत डीवीआर ले गए चोर, डॉग स्क्वॉड से जांच जारी

## ट्रांसपोर्ट व्यवसायी और उनके गार्ड के घर चोरी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट के धर्मकांटा मार्ग स्थित गुरुद्वारा के पास ट्रांसपोर्ट व्यवसायी अमरपाल सिंह गांधी और उनके गार्ड दीपक सोनवाने के घर चोरी हो गई। शनिवार और रविवार की रात को हुई इस घटना में चोरों ने व्यवसायी के घर से ढाई से तीन लाख रुपए और गार्ड के घर से जेवरात चुरा लिए।

गार्ड दीपक सोनवाने 12 साल से व्यवसायी के घर की देखरेख कर रहे हैं। वह 9 मई को कटंगी के वरुड़ में तेरहवीं कार्यक्रम में गए थे। उनकी पत्नी 10 मई को गांव चली गई थी। जब पत्नी सुबह करीब 9 बजे घर लौटी तो पीछे के कमरे का सामान बिखरा मिला।



व्यवसायी अमरपाल सिंह गांधी परिवार के साथ नागपुर में रहते हैं। वे व्यवसाय के सिलसिले में हर 15 दिन में बालाघाट आते हैं। चोर दोनों घरों से डीवीआर भी ले गए हैं।

सूचना मिलते ही सीएसपी वैशाल सिंह कराहलिया और थाना प्रभारी विजय राजपूत मौके पर पहुंचे। पुलिस डॉग स्क्वॉड और फिंगरप्रिंट की मदद से जांच कर रही है। सीएसपी ने बताया कि जल्द ही चोरों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## समितियों को दिए निर्देश, डोर टू डोर करे संपर्क

**बालाघाट।** जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, बालाघाट मुख्यालय में 7 मई को मृणाल मीना कलेक्टर एवं बैंक प्रशासक के मार्गदर्शन में पुरूषोत्तम जोशी प्र. मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा मुख्य शाखा बालाघाट अंतर्गत आने वाले समिति पर्यवेक्षक, संस्था प्रबंधको और समिति कर्मचारियों की बैठक ली गई। इस अवसर पर राजेश नगपुरे फिल्ड अधिकारी, आशीष मिश्रा प्र. शाखा प्रबंधक मुख्य शाखा बालाघाट उपस्थित रहे। श्री जोशी ने समिति नाहरवानी, अमेड़ा, जरेरा, बालाघाट, लिंगा, समनापुर, खुरसोड़ी, पायली और हट्टा द्वारा कालातीत और अकालातीत ऋणी सदस्यों से हुई वसूली की समीक्षा की गई। उन्होने कहा कि वसूली के इस सीजन में बिना अनुमति के अवकाश प्रतिबंधित रहेगा इसके अलावा समितियों को दिए गए लक्ष्यों की पूर्ति शत प्रतिशत करे अन्यथा की स्थिति में कार्यवाही प्रस्तावित की जावेगी। इसलिए समिति के सभी कर्मचारी डोर टू डोर ऋणी कृषक सदस्यों से जीवंत संपर्क करे और संपर्क पंजी तैयार कर शाखा के माध्यम से मुख्यालय में प्रस्तुत करें।

श्री जोशी ने प्रति समिति 15 नवीन केसीसी और प्रति समिति 5 मध्यमकालीन ऋण प्रकरण तैयार कर मुख्यालय प्रेषित करने निर्देशित किया गया। उन्होने निर्देशित किया कि कृषक सदस्यों से संपर्क कर मध्यमकालीन ऋण अंतर्गत प्रकरण तैयार करे। श्री जोशी ने माह मई में समितिवार वसूली के लक्ष्य आबंटित करते हुए कहा कि लक्ष्य की पूर्ति की शाखा प्रबंधक समय-समय पर समीक्षा करे तथा मुख्यालय को अवगत कराये।

## बुद्ध पूर्णिमा का पर्व की तैयारी, समता भवन बौद्ध विहार में होंगे कार्यक्रम

### अंबेडकर प्रतिमा पर करेंगे माल्यार्पण

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर भगवान गौतम बुद्ध की 2588वीं जयंती मनाई जाएगी। कार्यक्रम की शुरुआत वार्ड नंबर 13 स्थित समता भवन बौद्ध विहार से होगी।फूले-आंबेडकर जयंती समारोह समिति के अध्यक्ष दयाल वासनिक ने कार्यक्रम की जानकारी दी। सुबह 8 बजे आंबेडकर चौक में पूज्य भंते जी की उपस्थिति में बाबा साहब अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा। इसके बाद सभी कार्यक्रम पंचशील बौद्ध विहार में होंगे। सुबह 9 बजे भिक्खु संघ परित्राण पाठ करेंगे। उसके बाद भोजनदान कार्यक्रम होगा। दोपहर 12 बजे नागपुर के भिक्षु संघ के पूज्य भंते जी धम्मदेशना देंगे। दोपहर 2 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे और प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा।



## जन अभियान परिषद द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत संगोष्ठी हुई सम्पन्न

**बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देशन में जल गंगा अभियान की क्रियात्मकता निरंतर जारी है। शनिवार को मप्र जन अभियान परिषद विकासखण्ड वारासिवनी द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम अंतर्गत समाज कार्य में स्नातक और स्नातकोत्तर छात्र छात्राओं द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जन जागरूकता कार्यक्रम अन्तर्गत आज शासकीय शंकरसाव महाविद्यालय वारासिवनी में जल के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए जन जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। साथ ही सभी उपस्थित सामाजिक कार्यकर्ताओ को शपथ भी दिलाई गई। संगोष्ठी में चर्चा करते हुए सुरेंद्र कुमार भगत (विकासखंड समन्वयक) ने कहा कि हमें आने वाले समय के लिए जल के विभिन्न स्थानों जैसे कुआं बावड़ी तालाब आदि को बचाने के लिए हम सभी को मिलकर सामूहिक सहभागिता और स्वैच्छिक भाव से प्रयास करना होगा हमें जल की महत्वत्ता सभी ग्रामीण जनों के साथ आपस में चर्चा संवाद कर साझा करना चाहिए। श्री भगत ने कहा कि हमारे द्वारा जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, एवं जन अभियान परिषद द्वारा अनेक प्रकार के जन जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। हम सभी लोग मिलकर पानी बचाना सीखे इसलिए हमने सांकेतिक सामुहिक श्रमदान के माध्यम से गांव के बीच स्थित तालाब कि साफ सफाई कि गई जो इस भीषण गर्मी में गांव के जलस्तर को बनाए रखने तथा पशु पक्षियों के पीने के पानी के लिए जो बहुत आवश्यक है ।

#### सुप्रीम कोर्ट द्वारा कोई भी अभ्यारण्य या सेंचुरी घोषित करने के लिए जारी किए गए हैं दिशा निर्देश

# सोनेवानी को अभ्यारण्य घोषित करने के पूर्व गैरवानिकी गतिविधियों पर लगाई जाए रोक

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

वारासिवनी अनुविभागीय राजस्व के अंतर्गत लालबर्रा तहसील व वारासिवनी तहसील में स्थित सोनेवानी वन्य प्राणी अनुभव क्षेत्र को अभयारण्य के रूप में घोषित किये जाने की मॉग पिछले 4 वर्षो से लगातार उठाई जा रही हैं। इस वन क्षेत्र को एक बार शासन ने अभ्यारण्य घोषित करने का निर्णय ले लिया था, लेकिन तत्कालीन मंत्री गौरीशंकर बिसेन के विरोध के कारण यह निर्णय पूर्ण नहीं हो पाया था। लेकिन अब फिर से यह प्रक्रिया शासन के समक्ष विचाराधीन है।

### सुप्रीम कोर्ट ने सेंचुरी की सीमा से एक से 10 किमी क्षेत्र को इको सेंसेटिव जोन बनाने दिए हैं आदेश

इस क्षेत्र को अभ्यारण्य घोषित करने के पूर्व शासन को माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा टी एन गोदावर्मन थिरूमुलपाद बनाम भारत संघ एवं अन्य में 3 जून 2022 को पारित आदेश को भी ध्यान में रखना होगा। जिसमें किसी भी वन क्षेत्र को अभ्यारण्य या सेंचुरी घोषित करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश जारी किये गये। जिसके अंतर्गत अभ्यारण्य या सेंचुरी की सीमा से 1 से 10 किलोमीटर के अंतर्गत इको सेंसेटिव जोन बनाने हेतु निर्देशित किया गया है। वहीं इको सेंसेटिव जोन के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में स्थित खदानों, कृषि कार्य, सामाजिक कार्य तथा किसी भी प्रकार की गैरवानिकी गतिविधियां प्रतिबंधित की गई है।



### सोनेवानी क्षेत्र में खदानें हो रही हैं संचालित

यहॉ उल्लेखनीय हैं कि सोनेवानी वन्य प्राणी अनुभव क्षेत्र की सीमा से लगे एवं संरक्षित वन भूमि पर खदानों की स्वीकृति प्रदान की गई हैं, जहां खनन कार्य जारी हैं। इसके कारण आमजनों की आवा-जाही तथा वाहनों के आने जाने से वन्य प्राणियों की दिनचर्या पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। सोनेवानी वन्य प्राणी अनुभव क्षेत्र कान्हा एवं पेंच राष्ट्रीय उद्यान के कारीडोर में स्थित हैं, जिसके कारण वन्य प्राणियों की आवा-जाही बनी हुई है।

### वन्य प्राणी ग्रामों में घुसकर पालतू पशुओं व किसानों पर कर रहे हैं हमला

शिकार एवं अपनी दिनचर्या के चलते वन्य प्राणी रिहायशी इलाकों में पहुंच कर किसानों के पालतू पशुओं का शिकार कर रहे हैं, विगत 4 माह की अवधि में 2 किसानों पर हमला करने के कारण उनकी मौत हो गई हैं। इन विसंगतियों के चलते पेंच और कान्हा कॉरिडोर सहित सोनेवानी वन्य प्राणी अनुभव क्षेत्र के आसपास रहने वाले आमजनों में दहशत का वातावरण बना हुआ है।

### सोनेवानी क्षेत्र में 3 वन ग्राम हैं बसे हुए

यह भी उल्लेखनीय हैं कि सोनेवानी क्षेत्र में 3 वन ग्राम बसे हुये हैं, जिसमें लगभग 1000 की आबादी निवासरत हैं। जिन्हें अन्यत्र विस्थापित किये जाने के लिये कलेक्टर बालाघाट द्वारा एक समिति गठित कर विस्थापन की कार्यवाही किये जाने की निर्देश दिये गये है।

### प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा के उद्देश्य से दिए हैं सुप्रीम कोर्ट ने आदेश

प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा किये जाने के उद्देश्य से एवं आर्थिक गतिविधियों के साथ प्राकृतिक संतुलन बनाए रखते हुए वन संसाधनों का संरक्षण सुनिश्चित किये जाने के उद्देश्य से पारित किये गये सुप्रीम कोर्ट के आदेश में वन्य जीव अभ्यारण्य और उसके आसपास संरक्षित वन क्षेत्र में संचालित खनन गतिविधियों को नियंत्रित करते हुये पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील क्षेत्रों ईएसजेड को निर्धारित करना शामिल है।

### सोनेवानी वन्य प्राणी अनुभव क्षेत्र को इको सेंसेटिव सेंचुरी क्षेत्र घोषित कर गैर वानिकी गतिविधियों पर लगाया जाए प्रतिबंध

इस लिहाज से वन्य प्राणियों द्वारा पशुओं और नागरिकों पर किये जाने वाले आक्रमण तथा प्राकृतिक जलवायु संतुलन एवं पर्यावरण संरक्षण करने के उद्देश्य से पेंच, कान्हा कारिडोर एवं सोनेवानी वन्य प्राणी अनुभव क्षेत्र, जहां अभ्यारण्य बनाया जाना प्रस्तावित हैं, वहां माननीय सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार वर्तमान परिस्थितियों का आकलन करवाकर इको सेंसेटिव सेंचुरी क्षेत्र घोषित कर गैरवानिकी गतिविधियों पर निर्धारित सीमा क्षेत्र में तत्काल प्रतिबंध लगाया जाना जनहित में आवश्यक हैं।

## मदर्स डे पर वृद्धाश्रम में रह रही माताओं की व्यथा



### बेटे-दामाद की शराब की लत और प्रताड़ना से तंग आकर छोड़ा घर

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट के वृद्धाश्रम में रह रही दो माताओं की कहानी समाज की वास्तविकता को दर्शाती है। यशोदा गोर्रे और शशि दास की कहानियां बताती हैं कि कैसे परिवार में प्रताड़ना ने उन्हें अपना घर छोड़ने पर मजबूर किया।

गर्रा पंचायत की यशोदा गोर्रे कई सालों से वृद्धाश्रम में रह रही हैं। उनकी बेटी नागपुर में रहती है। यशोदा ने बेटी के घर जाना छोड़ दिया क्योंकि उनके दामाद को नशे की लत है। वे नहीं चाहतीं कि उनकी वजह से बेटी का घर बर्बाद हो। बेटी कभी-कभार उनसे मिलने आती है।

**लकवा से ग्रस्त है बुजुर्ग:**वारासिवनी की शशि दास का एक बेटा है। बेटे की शराब की लत और बहू के दुर्व्यवहार से परेशान होकर वे अपने दिव्यांग नाती के साथ वृद्धाश्रम आ गईं। पिछले एक महीने से लकवा से पीड़ित शशि ने सोचा था कि बुढ़ापे में बेटा उनका सहारा बनेगा। लेकिन नशे में बेटे की प्रताड़ना और बहू के व्यवहार ने उन्हें घर छोड़ने पर मजबूर कर दिया।

**बच्चों की सलामती की दुआ:** वृद्धाश्रम में इन माताओं को सभी सुविधाएं मिल रही हैं। फिर भी वे अपने बच्चों से दूर रहने को मजबूर हैं। एक मां का अपने बच्चों के लिए प्यार और आशीर्वाद कभी कम नहीं होता। प्रताड़ना के बावजूद ये मांएं अपने बच्चों की सलामती की दुआ करती हैं।

ऐसी सहारा वृद्धाश्रम में सात महिलाएं है, किसी की संतान नहीं है तो कोई अपनों से ही इतना दुःखी है कि अब उसके लिए वृद्धाश्रम के लोगों को ही वह अपना परिवार मानने लगी है। लेकिन आज भी बेटे, बेटी और अपनों के लिए, दुआ ही निकलती है।